INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION

INVC

अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

हमारी सरकार की मंशा के अनुरूप हो कार्य

By : Editor Published On : 20 Jun, 2021 05:05 PM IST

आई एन वी सी न्यूज़
लखनऊ,
उत्तर प्रदेश सरकार के नागरिक उड्डयन, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, नीति आयोग के बिंदुओं, कोविड नियंत्रण आदि विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा बैठक चित्रकूट के तहसील मऊ के सभागार में संपन्न हुई।

श्री नंदी ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि जमीन के जो भी मामले हैं उन्हें त्वरित निस्तारण करें। **हमारी सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री जी इस प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी कैसे पहुंचे इस पर कार्य कर रहे हैं।** पूरी जिम्मेदारी के साथ आप लोग कार्य करें किसी कार्य में फॉर्मेलिटी नहीं होना चाहिए। बैठकों में सभी अधिकारी सूचनाओं सहित बैठें, ताकि उसकी जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि हम लोग नहीं चाहते कि आप लोगों के खिलाफ कार्यवाही हो।

कुछ विकास कार्यों के निर्माण कार्य कई वर्षों से पूर्ण नहीं हुए हैं उन्हें तत्काल पूर्ण करा दे। उन्होंने कहा कि आप लोग यह ध्यान दें कि जो माह जून में कार्य पूर्ण हो और माह जुलाई में कितने कार्य पूर्ण होंगे उसका भी एक अलग से विवरण बनाया जाए। मंत्री नन्दी ने जिलाधिकारी से कहा कि 50 लाख रुपए से ऊपर के जो विकास कार्य कराए जा रहे हैं, उसमें एक टीम बनाकर जांच कराएं तथा कुछ कार्य माह में रैंडम चेकिंग आप भी करें तो निश्चित रूप से कार्य में बदलाव होगा।

उन्होंने कहा कि गांव में साफ सफाई अच्छी तरह से कराया जाए जो सफाई कर्मी गांव में कार्य नहीं कर रहे हो तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी की मुख्यधारा पर है जिन कार्यों के लिए जमीन चिन्हित करना है वह तत्काल कर ले।

उन्होंने जिलाधिकारी से यह भी कहा कि जिन योजनाओं के बैंकों में ऋण हेतु लाभार्थियों के आवेदन पत्र लंबित हैं उसके लिए बैंक अधिकारियों तथा लाभार्थियों के साथ एक बैठक करें। ताकि उन्हें लाभ दिलाया जा सके। मंत्री नन्दी ने संबंधित योजनाओं के विभागों के अधिकारियों को भी कहा कि आप लोग जो आवेदन पत्र बैंकों को भेजते हैं अगर बैंकों द्वारा स्वीकृत नहीं किए जाते हैं उसके लिए पत्राचार भी करें और आप लोग स्वयं बैंकों से संपर्क कर अधिक से अधिक आवेदन पत्रों का निस्तारण करा कर लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए। ताकि वह लोग रोजगार से जुड़ सके तभी हमारी सरकार की मंशा पूरी होगी।

प्रभारी मंत्री जी ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कन्या सुमंगला योजना माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में है इसमें लक्ष्य के अनुरूप प्रगति कम है उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि जिला प्रोबेशन अधिकारी का स्पष्टीकरण लिया जाए कि क्यों नहीं प्रगति हुई है, एक जनपद एक उत्पाद तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के जो आवेदन पत्र लंबित है उन्हें तत्काल निस्तारित कराए जाएं उन्होंने विद्यालयों के ऑपरेशन कायाकल्प पर कहा कि यह जनपद नीति आयोग में चयनित है फिर भी 14 पैरामीटर्स के कार्य अभी तक विद्यालयों में पूर्ण नही है इस पर तत्काल कार्य कराए जाएं।
प्रभारी मंत्री ने सेतुओ के निर्माण कार्यों पर तेजी लाई जाए शासन से जो समय सीमा तय की गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाएं। नई सड़कों के निर्माण की समीक्षा पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन सड़कों की धनराशि स्वीकृत हो गई है उनके कार्य पूर्ण करा लें शेष सड़कों का निर्माण कराया जाए । माननीय राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार श्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, विधायक मानिकपुर श्री आनंद शुक्ला मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित मित्तल से विभिन्न बिंदुओं की जानकारी की तथा कहा कि महिला उत्पीड़न, पास्को एक्ट, दहेज प्रथा आदि के जो मामले हैं उनको तत्काल निस्तारण कराए उसमें जो दोषी हो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें।

मां प्रभारी मंत्री जी ने कर करेत्तर, कानून व्यवस्था, सामुदायिक शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण, सड़कों के निर्माण, सेतुओ का निर्माण, सोलर सिंचाई पंप, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, धान खरीद, खाद्यान्न वितरण, अपशिष्ट प्रबंधन, नहरों की सिल्ट सफाई, कन्या सुमंगला योजना, पशुओं का टीकाकरण, मत्स्य पालन, औद्मानीकरण, ईयर टैगिंग, चिकित्सकों की उपलब्धता, आयुष्मान भारत योजना, मातृ वंदना योजना, परिवार नियोजन, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, टेलीमेडिसिन, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, टीकाकरण, संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा ग्रामीण, हैंडपंपों के रिबोर, पेंशन योजनाएं शादी अनुदान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पोषण अभियान, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, वनीकरण, कौशल विकास, स्वरोजगार योजना, श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, आजीविका मिशन, गेहूं क्रय केंद्रों का संचालन, उर्वरक उपलब्धता आदि विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की।

जिलाधिकारी श्री शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने माननीय प्रभारी मंत्री तथा मां लोक निर्माण विभाग मंत्री, और विधायक का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए कहा कि आप द्वारा जो दिशा निर्देश दिए गए हैं उसका अक्षरशः पालन कराया जाएगा। सभी अधिकारियों से कहा कि समय बद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराएं तथा समय से सूचना अर्थ एवं संख्या अधिकारी को भेजे ताकि उसे फीड करा कर शासन को भेजा जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अमित आसेरी,भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश खरे, प्रभागीय वनाधिकारी श्री कैलाश प्रकाश, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी श्री आरके त्रिपाठी, परियोजना निदेशक श्री अनय कुमार मिश्रा,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा इम्तियाज,उप निदेशक कृषि श्री टी पी शाही सहित संबंधित अधिकारी व जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/हमारी-सरकार-की-मंशा-के-अनु/

INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.